No. of Printed Pages : 6 **BECC–118**

# BACHELOR OF ARTS
# (ECONOMICS)
# (BAFEC)
## Term-End Examination
## June, 2026

**BECC-118 : INDIAN ECONOMY**

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

***Note :*** *Answer questions from all the Sections as per instructions.*

## Section—A

***Note :*** *Answer any **two** questions from this Section in about **500** words each.*

2×20=40

1. Examine the role of the industrial sector in promoting economic growth and structural transformation in India. Analyze the major trends in the growth of India's industrial sector since independence.

2. What do you understand by the Balance of Payments ? Explain its components. What factors have contributed to India's current account deficit (CAD) and how does the service sector help in managing it ?
3. Discuss the key international agreements and frameworks aimed at environmental protection. To what extent have these initiatives been successful ?
4. 'Regional disparities in India persist despite decades of planning and targeted interventions.' Critically examine this statement with examples.

## Section—B

***Note*** : *Answer any* ***four*** *questions from this Section in about* ***250*** *words each.*

4×12=48

5. What factors led to the adoption of the New Economic Policy in 1991 ? How did structural changes affect the Indian economy between 1991 and 2008 ?
6. Discuss the major changes that have taken place in the sectoral shares of GDP in Indian economy since independence.

7. Critically examine the strategy envisaged by the Government for promoting crop diversification in India.

8. Examine the impact of poor public health on the human development. What is needed to address these problems ?

9. What is the need for coordination between Monetary and Fiscal policies ? What are the challenges in this regard ?

10. What do you understand by Multidimensional Poverty Index (MPI) ? How is it calculated ?

11. Evaluate the economic policy instruments available to address climate change in India.

## Section—C

12. Write short notes on any *two* of the following in about **100** words each : 2×6=12

    (a) Water resources in India

    (b) Human Development Index

    (c) The Social Security Code, 2020

    (d) Gender mainstreaming

# BECC–118

## कला स्नातक (अर्थशास्त्र)

## (बी. ए. एफ. ई. सी.)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2026

## बी.ई.सी.सी.–118 : भारतीय अर्थव्यवस्था

समय : 3 घण्टे अधिकतम अंक : 100

---

***नोट :*** *सभी भागों से निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

---

**भाग—क**

***नोट :*** *इस भाग से किन्हीं* ***दो*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए। शब्द सीमा* ***500*** *प्रत्येक।* 2×20=40

1. भारत में आर्थिक संवृद्धि एवं संरचनात्मक बदलाव को बढ़ावा देने में औद्योगिक क्षेत्र की भूमिका की समीक्षा कीजिए। स्वतत्रंता प्राप्ति के बाद से भारत के औद्योगिक क्षेत्र की संवृद्धि की मुख्य प्रवृत्तियों का विश्लेषण कीजिए।

2. भुगतान शेष से आप क्या समझते हैं ? इसके घटकों की व्याख्या कीजिए। भारत के चालू खाते के घाटे में किन कारकों का योगदान है और सेवा क्षेत्र इसके प्रबन्धन में किस प्रकार योगदान कर रहा है ?

3. पर्यावरण संरक्षण हेतु अपनाई गई प्रमुख सन्धियों पर चर्चा कीजिए। ये पहलकदमियाँ किस सीमा तक सफल रही हैं ?

4. ''दशकों से चल रहे नियोजन और लक्ष्यित हस्तक्षेपों के बाद भी भारत में अन्तर–क्षेत्रीय विषमताएँ बनी हुई हैं।'' इस कथन की उदाहरणों सहित समीक्षा कीजिए।

## भाग—ख

***नोट :*** *इस भाग से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। शब्द सीमा 250 प्रत्येक।* 4×12=48

5. वर्ष 1991 में नई आर्थिक नीति अपनाएँ जाने के क्या कारण रहे थे ? अवधि 1991–2008 के बीच संरचनात्मक परिवर्तनों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को किस प्रकार प्रभावित किया ?

6. भारतीय अर्थव्यवस्था में स्वतत्रंता प्राप्ति के बाद से विभिन्न क्षेत्रकों के अंश में कौन–से बड़े बदलाव आए हैं ? चर्चा कीजिए।

7. भारत में फसल विविधीकरण लाने के लिए सरकार ने किस युक्ति को अपनाया है ?

8. मानव विकास पर जन स्वास्थ्य व्यवस्था की दुर्दशा के प्रभाव की समीक्षा कीजिए। इन समस्याओं को सुलझाने के लिए क्या काम किये जाने चाहिए ?

9. मौद्रिक और राजकोषीय नीतियों में समन्वय की क्या आवश्यकता है ? इस कार्य में मुख्य चुनौतियाँ क्या हैं ?

10. बहुआयामी गरीबी सूचक (MPI) से आपका क्या अभिप्राय: है ? इसका आंकलन कैसे किया जाता है ?

11. भारत में जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के लिए क्या आर्थिक नीति उपाय सुलभ हैं ?

## भाग—ग

12. किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए। शब्द सीमा 100 प्रत्येक : $2\times6=12$

(क) भारत में जल संसाधन

(ख) मानव विकास सूचक

(ग) सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020

(घ) महिलाओं का मुख्य धारा में एकीकरण

× × × × ×